BRAMPTON

Media Release

तुरंत रिलीज के लिए

20 से 22 नवंबर तक – ब्रैम्पटन के विंटर लाइटस फेस्टिवल के साथ छुट्टियों के सीजन की शुरुआत का मज़ा लें

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (6 नवंबर, 2020) – अपना पसंदीदा छुट्टियों का स्वेटर पहनें और शुक्रवार, 20 नवंबर से रविवार, 22 नवंबर तक, सालाना विंटर लाइटस फेस्टिवल (Winter Lights Festival) के साथ, ऑनलाइन और डाउनटाउन ब्रैम्पटन में छुट्टियां वाला जोश भरें!

इस वर्ष का यह त्यौहार, कोविड-19 (COVID-19) के कारण अलग होगा। व्यक्तिगत और आभासी (वर्चुअल) कार्यक्रम पेश किए जाएंगे, क्योंकि समुदाय का स्वास्थ्य और सुरक्षा, सिटी की प्राथमिकता हैं। नीचे दिए गए सभी कार्यक्रमों और पूरा वीकेंड परिवारों के लिए ऑनलाइन गतिविधियों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, brampton.ca/winterlights पर जाएं।

व्यक्तिगत कार्यक्रम

- **नया! ड्राइव-थ्रू लाइट एक्सपीरिएंस** | गेज पार्क (Gage Park) | शुक्रवार, 20 नवंबर; शनिवार, 21 नवंबर और रविवार, 22 नवंबर को शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक

  कार में गेज पार्क तक जाएं और इसे पहले से कहीं अधिक लाइटों के साथ जगमगाता देखें! पूरा वीकेंड ड्राइव-थ्रू लाइट का अनुभव करें। हिस्सा लेने के लिए रजिस्ट्रेशन आवश्यक है। अपनी जगह बुक करने के लिए यहां क्लिक करें (click here)।

- **क्रिसमस मार्किट** | केन विलैन्स सक्वेयर (Ken Whillans Square) | शुक्रवार, 20 नवंबर को शाम 4 बजे से रात 10 बजे तक; शनिवार, 21 नवंबर को सुबह 11 बजे से रात 11 बजे तक और रविवार, 22 नवंबर को सुबह 11 बजे से रात 8 बजे तक

  केन विलैन्स सक्वेयर में टी.डी. (TD) द्वारा पेश की जाने वाली, इस वर्ष की आउटडोर क्रिसमस मार्किट (Christmas Market) में अपनी छुट्टियों की खरीदारी शुरू करें, जो बेजोड़ गिफ्ट्स और मिठाई ट्रीट्स से भरपूर है। रोज़ाना शामिल होने वाले पहले 50 व्यक्तियों को, डोर क्रैशर इनाम के तौर पर 10.00 डॉलर का डाउनटाउन बी.आई.ए. (Downtown BIA) गिफ्ट सर्टीफिकेट मिलेगा। मार्किट पील पब्लिक हेल्थ के निर्देशों का पालन करेगी – आगंतुकों (विजीटर्स) के लिए मास्क पहनना, जहां संभव हो शारीरिक दूरी रखना और अच्छी तरह से सफाई रखना जरूरी होगा। पूरे विवरणों के लिए brampton.ca/winterlights पर जाएं।

आभासी कार्यक्रम

- **सालाना ट्री लाइटिंग** | brampton.ca/winterlights | शुक्रवार, 20 नवंबर को शाम 5:30 बजे

एलेक्ट्रा यूटीलिटीज (Alectra Utilities) द्वारा प्रायोजित, सालाना ट्री लाइटिंग सेरेमनी (Tree Lighting Ceremony), छुट्टियों के सीजन के लिए ब्रैम्पटन की अधिकारक शुरुआत करने का जश्न है। इस वर्ष, केन विलैन्स सक्वेयर में, सिटी के 60 फुट के चीड़ के पेड़ को क्रिसमस की 10,000 से अधिक लाइटों से रोशन करने के लिए, मेयर पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown) के साथ उल्टी गिनती गिनने के वीडियो के लिए, शाम 5:30 बजे brampton.ca/winterlights पर जाएं। इस वर्ष कोई व्यक्तिगत कार्यक्रम नहीं होगा।

- **ब्रैम्पटन की सैंटा क्लाज परेड |** ब्रैम्पटन की सैंटा क्लाज परेड का फेसबुक पेज (Brampton Santa Claus Parade Facebook page) **|** शनिवार, 21 नवंबर को शाम 5 बजे

  ब्रैम्पटन के रोटरी क्लब (Rotary Club) द्वारा पेश की जाने वाली, ब्रैम्पटन की सैंटा क्लाज परेड (Brampton Santa Claus Parade), इस वर्ष ऑनलाइन होगी। पहली बार, निवासी ब्रैम्पटन की सैंटा क्लाज परेड के फेसबुक पेज (Brampton Santa Claus Parade Facebook page) पर शाम 5 बजे शुरू होने वाली एक खास प्रस्तुति का आनंद ले सकते हैं। प्रस्तुति में पिछले वर्ष की झलकियां और सैंटा की नई फुटेज पेश की जाएगी, जब वह पूरे ब्रैम्पटन में घूमेगा! इस वर्ष कोई व्यक्तिगत कार्यक्रम नहीं होगा। अधिक जानकारी के लिए, bramptonsantaclausparade.com पर जाएं।

सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, 2020 के विंटर लाइटस फेस्टिवल के लिए इसके प्रायोजकों: टी.डी., एलेक्ट्रा यूटीलिटीज, ऑलस्टेट (Allstate), बेल (Bell), ब्रैमली सिटी सेंटर (Bramalea City Centre), सी.एन. (CN) और टिम होर्टन्स (Tim Hortons) का धन्यवाद करती है। जब आप सोशल मीडिया पर अपना अनुभव साझा करें तो हैशटैग - #BramptonWinterLights प्रयोग करना न भूलें।

हवाले

“यह वर्ष बहुत-से लोगों के लिए बहुत मुश्किल रहा है। हम इस वर्ष के विंटर लाइटस फेस्टिवल के साथ, खुशी फैलाने के लिए उत्साहित हैं। नए ड्राइव-थ्रू लाइट एक्सपीरिएंस के लिए टिकट बुक करें, क्रिसमस मार्किट में लोकल वस्तुओं की खरीदारी करें, ऑनलाइन सैंटा क्लाज परेड देखें – चिंता न करें, सैंटा इस वर्ष भी ब्रैम्पटन में आएगा! – और मेरे साथ ऑनलाइन जुड़ें क्योंकि हम ऑनलाइन ट्री लाइटिंग के लिए उल्टी गिनती करेंगे। आपकी छुट्टियां शुभ हों!”

- *पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown), मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“इस वर्ष का विंटर लाइटस फेस्टिवल, सभी के लिए एक बेजोड़ त्यौहार वाला अनुभव होगा। इस वर्ष आप अपने घर बैठे ही आराम से ऑनलाइन, सिटी की सालाना ट्री लाइटिंग और सैंटा क्लाज परेड देख सकते हैं। साथ ही, आप कार में बैठे ही गेज पार्क को पहले से कहीं अधिक जगमगाता हुआ देख सकते हैं और क्रिसमस मार्किट का आनंद ले सकते हैं!”

- *पॉल विसेंट (Paul Vicente), वाइस-चेयर, इकोनॉमिक डेवलेपमेंट एंड कल्चर; रीजनल काउंसलर, वार्ड 1 और 5, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"सिटी के स्टाफ ने विंटर लाइटस फेस्टिवल को मेहनत और रचनात्मक ढंग से व्यक्तिगत और आभासी कार्यक्रमों, दोनों से बढ़िया बनाने के लिए काम किया है। जब आप व्यक्तिगत कार्यक्रमों का आनंद लेंगे और अपने घर में आराम से बैठकर आभासी कार्यक्रम देखेंगे, तो स्वास्थ्य और सुरक्षा संबंधी उपाय अपनाना सुनिश्चित करें!"

- *डेविड बैरिक (David Barrick), चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

-30-

कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 650,000 लोगों और 70,000 कारोबारियों का घर है। हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

मीडिया संपर्क
मोनिका दुग्गल (Monika Duggal)
कोआर्डिनेटर, मीडिया एंड कम्युनिटी एन्गेजमेंट
स्ट्रैटजिक कम्युनिकेशन
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन
905-874-3426 | Monika.Duggal@brampton.ca